
तापमान

अधिकतम 35 डिग्री
न्यूनतम 19 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि

रायपुर, शनिवार 7 मार्च 2026


13 गंगरेल बांध में पहली बार रिवर बोट चैंपियनशीप



14 मेडल लाने वाले खिलाड़ियों को बोर्ड परीक्षा में बोनस अंक...






**खबर संक्षेप**

### आज से कुरूद में खेल महोत्सव

**अंवरी।** अधिवक्ता संघ कुरूद के तत्वावधान में दो दिवसीय खेल महोत्सव का आयोजन किया गया है। 7 मार्च शनिवार को कैरम, कुर्सी दौड़, मटका फोड़ एवं 8 मार्च को क्रिकेट एवं गिल्ली डंडा प्रतियोगिता रखी गई है। कार्यक्रम अटलबिहारी वाजपेयी स्टेडियम कुरुद में होगा। यह जानकारी अधिवक्ता संघ अध्यक्ष रमेश पांडे ने दी।

### ब्राम्हण समाज का होली मिलन 8 को

**धमतरी।** जिला ब्राम्हण समाज के तत्वावधान में 8 मार्च को दोपहर 3 बजे इतवारी बाजार स्थित राम मंदिर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। जिला अध्यक्ष राकेश दीवान ने भखारा, कुरूद, मगरलोड, नगरी तथा धमतरी क्षेत्र के विप्रजनों से उपस्थित की अपील की है।

### पेंशनधारी कल्याण संघ की मासिक बैठक कल

**धमतरी।** छग पेंशनधारी कल्याण संघ जिला शाखा धमतरी की मासिक बैठक 8 मार्च को दोपहर 2 बजे से कर्मचारी भवन धमतरी में होगी। बैठक में नये सदस्यों का स्वागत, संघ के सदस्यों का जन्मदिन, अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर मातृशक्तियों का सम्मान, होली मिलन एवं संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की जायेगी। संघ के सदस्यों से उपस्थिति की अपील कृपाशंकर मिश्रा, राजेन्द्र चन्द्राकर, राजकुमार मिश्रा, कृष्णाराम साहू, लक्ष्मणराव मगर ने की है। यह जानकारी सचिव ईश्वरी दयाल साहू ने दी है।

ओडिशा और छत्तीसगढ़ के बीच चल रहा सालों से विवाद

# महानदी के जल पर कितना किसका हक जानकारी जुटायेगी न्यायाधीशों की टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

महानदी के जल के उपयोग को लेकर सालों से ओडिशा और छत्तीसगढ़ राज्य के बीच विवाद चल रहा है। इस विवाद के निबटारे के लिए गठित न्यायाधिकरण के 3 जज सहित 25 सदस्यों की टीम 8 मार्च को एक बार गंगरेल, माड़मसिल्ली सहित अन्य जलक्षेत्र का अवलोकन करेगी।

छत्तीसगढ़ राज्य गठन के पहले से ही महानदी के जल के उपयोग को लेकर ओडिशा से विवाद चला आ रहा है। जब छत्तीसगढ़ मध्यप्रदेश का हिस्सा हुआ करता था तब जल के उपयोग को लेकर दोनों राज्यों के बीच करार हुआ था। छत्तीसगढ़ अलग राज्य बनने के बाद छत्तीसगढ़ और ओडिशा के बीच जल उपयोग को लेकर कोई एग्रीमेंट नहीं है। यहां पर उल्लेख करने योग्य बात है कि हीराकुंड बांध से ओडिशा में खेतों की सिंचाई सहित अन्य जरूरत पूरी होती है। ओडिशा का आरोप है कि छत्तीसगढ़ में छोटे-बड़े बांध या जलकुंड बनाने से हीराकुंड बांध में कम पानी पहुंच रहा है, जिससे ओडिशा में पानी की कमी झेलनी पड़ती है। वहीं छत्तीसगढ़ राज्य का कहना है कि वह जलकुंडों में मानसूनी पानी ▶▶ शेष पेज 12 पर



### ऐसा है महानदी का प्रवाह

महानदी छत्तीसगढ़ और ओडिशा दोनों राज्यों के लिए जीवनदायिनी नदी है। महानदी की कुल लंबाई 851 किमी है। इसमें से 286 किमी यह छत्तीसगढ़ में और 494 किमी ओडिशा में बहती है। कुछ हिस्सा महाराष्ट्र, झारखंड और मध्यप्रदेश में बहता है। खास बात यह है कि छत्तीसगढ़ में महानदी का 53.09 प्रतिशत बेसीन है। यानी छत्तीसगढ़ में इसका फैलाव सबसे ज्यादा है।

### डेटा तैयार करने में जुटे अधिकारी

महानदी के जल उपयोग का डेटा काफी पुराना है। अब स्थिति, परिस्थिति बदल चुकी है। ऐसे में पुरानी जानकारी के आधार पर जल उपयोग संबंधी कोई निर्णय नहीं दिया जा सकता है। न्यायाधिकरण के अधिकारी अब महानदी के जल उपयोग सहित अन्य प्रकार के डेटा जुटाने में लगे हैं। इसी सिलसिले में वे दूसरी बार धमतरी जिले में आएंगे। यहां पर वे अंगारमोती मंदिर में प्रोजेक्टर के माध्यम से डूब प्रभावित गांवों की जानकारी लेंगे। इस के बांद कंट्रोल रूम में बने मॉडल के आधार पर जलप्रवाह की स्थिति की जानकारी लेंगे। टीम के सदस्य माडमसिल्ली डैम जाकर भी जानकारी एकत्रित करेंगे।

# हरे-भरे पेड़ों को काटने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

कुरूद तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत कोटगांव में हरे- भरे पेड़ों की कटाई का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने कलेक्टर को आवेदन देकर उचित कार्रवाई की मांग की है।

ग्रामीण भूषण लाल साहू, तामेश्वर मंडावी, शैलू साहू सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत कोटगांव के तालाब पार स्थित शासकीय भूमि खसरा नंबर 534 पर लगे हरे भरे पेड़ों की कटाई बिना ग्राम सभा और ग्राम समिति की अनुमति से कर दी गई है। आरोप है कि सरपंच एवं उनके प्रतिनिधियों द्वारा बिना किसी प्रशासकीय या पर्यावरण विभाग की अनुमति के पेड़ों को काटा गया।

आवेदन में आगे कहा है कि पेड़ों की कटाई के बाद उसे नीलाम तथा निजी उपयोग करने का प्रयास किया जा रहा है। मामले की जांच कर इसमें शामिल लोगों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाए।

**ग्रामीणों ने कलेक्टर से की कार्रवाई की मांग**



### कोटगांव में सात माह से सचिव नहीं

ग्राम पंचायत कोटगांव विगत सात माह से सचिव संकट से जूझ रहा है। जिला पंचायत धमतरी ने 22 सितम्बर को सिर्री में पदस्थ सचिव रेखराम साहू को अतिरिक्त प्रभार का निर्देश दिया था जिसे सरपंच ने प्रभार देने से इंकार कर दिया। 27 जनवरी को जिपं कार्यालय से चिटौद में पदस्थ सचिव दिनेश कुमार निषाद को अतिरिक्त प्रभार का आदेश हुआ था लेकिन सचिव ने सरपंच, उपसरपंच एवं पंचों से व्यावहारिक कारणों से प्रभार लेने से मना कर दिया।

ग्रामीणों ने आवेदन में कहा है कि सात माह से ग्राम पंचायत सचिव विहीन है जिसके कारण जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, विवाह प्रमाण पत्र, शासकीय प्रमाण पत्र तथा ग्राम विकास के लिए पंचायत सक्षम नहीं है। इन परेशानियों को देखते हुए ग्रामीणों ने कलेक्टर से स्थायी सचिव या अतिरिक्त प्रभारी सचिव को प्रभार दिलाने की मांग की है।

**1 लाख 68 हजार की पांच बाइक व नकदी जब्त**

# हटकेशर वार्ड के जुआ फड़ में पुलिस की रेड, पांच जुआरी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

हटकेशर वार्ड के तालाब किनारे चल रहे जुआ फड़ में पुलिस ने रेड मारकर पांच जुआरियों को जुआ खेलते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। वहीं जुआरियों से नकदी सहित 1 लाख 68 हजार व चार बाइक व स्कूटी जब्त की है।

त्योहार के पूर्व से ही पुलिस द्वारा जुआ, अवैध शराब एवं अन्य अवैध गतिविधियों के खिलाफ अभियान चलाकर लगातार कार्रवाई की जा रही थी। इसी क्रम में कोतवाली पुलिस को बीते दिनों मुखबिर से हटकेशर वार्ड स्थित नागेश्वर तालाब के पास आम जगह पर कुछ व्यक्तियों द्वारा जुआ खेलने की सूचना मिली। एसपी के निर्देशन में कोतवाली पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंच घेराबंदी कर दबिश दी। इस दौरान उमेश बहीरानी उम्र 45 वर्ष निवासी विवेकानंद नगर, रविकुमार यादव 40 वर्ष दुर्गा मंदिर हटकेशर निवासी, इंदरचंद बंगानी बठेनापारा, लक्ष्मण सागरवंशी विवेकानंद नगर व लीलाराम साहू 43 वर्ष हटकेशर निवासी को रूपये पैसों का दांव लगाकर जुआ खेलते रंगेहाथ पकड़ा गया। पुलिस ने सिटी कोतवाली में पांचों आरोपियों के खिलाफ धारा 32/2 जुआ एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की है।





### आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी

रेड कार्रवाई के दौरान आरोपियों के कब्जे से 4 नग मोबाइल फोन कीमत 21 हजार रूपए, 8 नग मोटरसाइकिल व 1 नग इलेक्ट्रानिक स्कूटी कीमत 1 लाख 40 हजार एवं नकदी 7375 रुपए व ताशपत्ती कुल कीमत 1 लाख 68 हजार 375 रुपए जब्त की गई है। पुलिस द्वारा अवैध जुआ एवं असामाजिक गतिविधियों के विरूद्ध आगे भी सख्त व सतत कार्रवाई जारी रहेगी।




## खबर संक्षेप

### मेघा में श्रीमद् भागवत महापुराण जारी

**मगरलोड।** साहू परिवार द्वारा श्रीमद भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ 5 मार्च से प्रारंभ हो गया है। कलश यात्रा, देवी पूजन के साथ कथा शुरू हुई। 6 मार्च को कपिल जन्म की कथा सुनाई गई। 7 मार्च को ध्रुव चरित्र, 8 मार्च को प्रहलाद चरित्र, 9 मार्च को कृष्ण जन्म, 10 मार्च को रुक्मणि विवाह, 11 मार्च को सुदामा चरित्र, 12 मार्च को परमधाम कथा एवं शोभायात्रा, तुलसी वर्षा एवं 13 मार्च को पूर्णाहुति, गीता दान, गीता सार के साथ महाप्रसादी का आयोजन होगा। इस आयोजन में प्रभुराम साहू, पार्वती साहू सहित ग्रामवासी जुटे हुए हैं।

### रींवागहन में आज फागुन फाग प्रतियोगिता

**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम रींवागहन में 7 मार्च को फागुन फाग प्रतियोगिता का आयोजन ग्राम विकास समिति, शीतल समिति, न्यू बाल समाज लीला मंडली, बोल बम सेवा समिति एवं सेवा महिला समिति द्वारा किया जा रहा है। इस दौरान श्री कृष्णा नेवरिया चरवाहा फाग मंडली राजनादगांव , लोक चिन्हारी भरथरी सिकोसा बालोद, शिव शक्ति फाग मंडली कसही, श्री दाई के दुलरवा नवरत्न जस झांकी मंडली पटपर डोंगरगढ़, अमर ज्योति छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी मानपुर मोहला की प्रस्तुति होगी। शुभारंभ अवसर की मुख्य अतिथि देवबती कोर्राम सरपंच होंगे। अध्यक्षता भगवती राम साहू ग्राम विकास समिति अध्यक्ष करेंगे। विशिष्ट अतिथि द्विजराम सिन्हा प्राधिकृत अधिकारी कुरमाताराई, भुनेश्वरी साहू, मंजूलता साहू, चेतन साहू होंगे। समापन के मुख्य अतिथि गोविंद राम साहू पूर्व सभापति जिला पंचायत सदस्य होंगे। अध्यक्षता कमलेश्वर ध्रुव पूर्व सरपंच करेंगे। विशिष्ट अतिथि भारती साहू जनपद सदस्य, दमयंती साहू पूर्व जिला पंचायत सदस्य, राजेश कौशल उपाध्यक्ष ग्राम विकास समिति करेंगे।

### कचना में लोककला महोत्सव 20 से

**जीजामगांव।** इस वर्ष भी छग रामधुनी महासंघ के मार्गदर्शन में त्रिदेव लोक महोत्सव समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से 20, 21 एवं 22 मार्च को गौठान चौक बस स्टैंड कचना में लोककला महोत्सव का आयोजन किया गया है। प्रथम दिवस संध्या 4 बजे से भव्य कलश शोभायात्रा राउतनाचा के साथ निकलेगी। इसके बाद अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का श्रीगणेश किया जायेगा। रात्रि में जस झांकी कार्यक्रम होगा।

## निधन

### दीनबंधु साहू

**मगरलोड।** ग्राम सौंगा निवासी दीनबंधु साहू उम्र 36 वर्ष का आकस्मिक निधन 3 मार्च मंगलवार को हो गया। वे अपने पीछे पत्नी कीर्ति साहू, पुत्र सूर्यांश साहू, भैया खेमू राम चिरौंजी, चिंता राम, पुसउराम, चमरू, पलटू, भारत, शत्रुघ्न, बल्टू, रामनाथ, भुनेश्वर, जगत, कन्हैया, गजानंद, चित्रसेन, रतन, सुंदरलाल, सोमप्रकाश, रामकृष्ण सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए। उनकी अंतिम यात्रा में ग्रामीणजन सहित सामाजिकगण उपस्थित हुए।



## प्रथम पृष्ठ का शेष

### महानदी के जल पर कितना किसका हक, जानकारी जुटायेगी न्यायाधीशों की टीम

एकत्रित करता है वह भी बरसात के समय। इससे ओडिशा में पानी का प्रवाह 3-4 प्रतिशत ही प्रभावित होता है। महानदी का एक बड़ा हिस्सा छत्तीसगढ़ में है, इसलिए इतना पानी उपयोग करने का अधिकार छत्तीसगढ़ को है। इस विवाद को ओडिशा सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में पेश किया था, जहां से विवाद के निबटारे के लिए वर्ष 2018 महानदी जल विवाद न्यायाधिकरण का गठन किया गया। इस न्यायाधिकरण के सदस्य चार साल पहले यहां निरीक्षण करने आए थे।

---

होली पूर्व गुंडा बदमाशों पर की गई कार्रवाई का दिखा असर

# पुलिस की तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण मनी होली

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

■ कंट्रोल रूम से लगातार हो रही थी मॉनिटरिंग

पुलिस द्वारा होली से पहले गुंडा बदमाशों, चाकूबाजों पर की गई प्रतिबंधात्मक कार्रवाई व तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था के चलते इस बार होली का त्योहार छिटपुट घटनाओं को छोड़कर शांतिपूर्ण व हर्षोल्लास के साथ संपन्न हो गया।

होली त्योहार के अवसर पर एसपी के निर्देशन में पुलिस द्वारा जिले में चाक चौबंद व्यवस्था की गई थी। सभी थाना क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था लागू की गई थी जिसके तहत लगातार पेट्रोलिंग, संवेदनशील इलाकों में फिक्स पिकेट की स्थापना तथा पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया था। त्योहार के दौरान पुलिस अधिकारी व जवान पुरी मुस्तैदी व सक्रियता के साथ डयूटी पर तैनात रहे। प्रमुख चौक-चौराहों, बाजार क्षेत्र व भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पुलिस बल की सक्रिय उपस्थिति रही। इससे पूरे जिले में कानून व्यवस्था पूरी तरह से नियंत्रण में रही और होली का पर्व शांतिपूर्ण सौहाद्र एवं धूमधाम के साथ संपन्न हो गया।





**निगरानी के लिए आधुनिक तकनीक का उपयोग**

होली त्योहार के अवसर पर पुलिस द्वारा आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए ड्रोन कैमरों के माध्यम से शहर की निगरानी रखी गई। भीड़भाड वाले क्षेत्र एवं प्रमुख स्थानों की लगातार मॉनिटरिंग की जाती रही। पुलिस द्वारा प्रभावित नियंत्रण बनाए रखा गया। पुलिस अधीक्षक सूरजसिंह परिहार द्वारा कंट्रोल रूम के माध्यम से लगातार जिले की स्थिति की जानकारी ली जाती रही।

**जिले में कहीं भी अप्रिय घटना नहीं हुई**

होली त्योहार के पूर्व पलिस द्वारा जिले के लगभग 35 गुंडा बदमाशों एवं उभरते हुए बदमाशों की पुलिस लाइन में परेड करा शपथ दिलाई थी। इसके अतिरिक्त 60 से अधिक गुंडा बदमाशों, निगरानी बदमाशों एवं चाकूबाजों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। वहीं त्योहार के दौरान पुलिस की 33 पेट्रोलिंग वाहनों से लगातार गश्त करते हुए संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी गई। परिणामस्वरूप जिले में कहीं भी किसी प्रकार की अप्रिय घटना नहीं हुई है।

## महारोजगार मेला 13 को, 400 युवाओं को मिलेगा रोजगार

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले के बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 13 मार्च को लाइवलीहुड कॉलेज में महारोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर आयोजित इस मेले में विभिन्न सेक्टरों की प्रतिष्ठित कंपनियों और नियोजकों को आमंत्रित किया गया है।

जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि जिले के विभिन्न व्यावसायिक केंद्रों, युवा कार्यक्रमों तथा कौशल प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए यह आयोजन किया जा रहा है। रोजगार मेले में आईटी, कंस्ट्रक्शन, इलेक्ट्रॉनिक्स, हार्डवेयर, सुरक्षा गार्ड, रिटेल, ऑटोमोटिव सहित विभिन्न क्षेत्रों की कंपनियां शामिल होंगी। रोजगार मेला में कंप्यूटर ऑपरेटर, सॉफ्टवेयर डिजाइनर, इलेक्ट्रीशियन, कंप्यूटर हार्डवेयर रिपेयर, प्लंबर, सेल्समैन, सुरक्षा गार्ड और टैक्सी ड्राइवर जैसे पदों के लिए लगभग 400 युवाओं के नियोजन का लक्ष्य रखा गया है।

# होली की रात पेट्रोल पंप में युवकों का हंगामा



कर्मचारी से की मारपीट घटना सीसीटीवी में कैद

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

होली की रात सिहावा थाना क्षेत्र के सांकरा स्थित मंशाराम फ्यूल्स पेट्रोल पंप में कुछ युवकों द्वारा हंगामा और मारपीट की घटना सामने आई है। बताया जा रहा है कि रात में एक वाहन में सवार होकर करीब 6 से 7 युवक पेट्रोल पंप पहुंचे और वहां डीजल भरवाने को लेकर कर्मचारियों से विवाद करने लगे।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवकों ने पेट्रोल पंप कर्मचारी से नोजल छीन लिया और स्वयं ही अपने वाहन में डीजल भरने लगे। जब कर्मचारी ने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। मारपीट के दौरान कर्मचारी के सिर पर गंभीर चोट लग गई। घायल कर्मचारी को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं पेट्रोल पंप में लगे सीसीटीवी कैमरे में पूरी घटना कैद हो गई है। घटना के बाद गुरुवार सुबह पेट्रोल पंप संचालक ने सिहावा थाना पहुंचकर मामले की शिकायत दर्ज कराई और पुलिस से सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की मांग की है।

पुलिस थाना सिहावा प्रभारी ताम्रकार ने कहा कि मामले की जांच में पुलिस जुट गई है। आरोपियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

## गणेशपुर में मानसगान सुनने उमड़ रहे श्रद्धालु

**जीजामगांव।** बाल समाज लीला मंडली, हरिओम ज्योति मानस मंडली, हरिओम तत्सम बालक मानस मंडली, जय मां विंध्यवासिनी सेवा मंडली, अंजलि समूह, बोल बम समिति, बैला दौड़ समिति, महिला कमांडो एवं ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम गणेशपुर में मानस गान एवं जस झांकी प्रतियोगिता का आयोजन 6 मार्च से 8 मार्च तक आयोजित किया गया है। पुरूष एवं महिला वर्ग में प्रथम पुरस्कार 2501 रूपये, द्वितीय पुरस्कार 2001 रूपये, तृतीय पुरस्कार 1501 रूपये एवं चतुर्थ पुरस्कार 1001 रूपये दिया जायेगा। समापन एवं पुरस्कार वितरण के मुख्य अतिथि अजय चंद्राकर विधायक कुरूद होंगे। अध्यक्षता गौकरण साहू उपाध्यक्ष जिपं करेंगे। विशेष अतिथि थानेश्वर तारक, देवानंद ध्रुव, कल्याण यादव, डा. ललित निषाद, नंदकुमार निषाद, सीपी मिश्रा, गौकरण साहू, सालिक राम, भूपेंद्र साहू, जगन्नाथ ध्रुव, अनिल सोनी, बुधराम साहू, सूरजे साहू, शिवकुमार ध्रुव, विष्णु साहू, भावसिंग यादव, गरीबा साहू, हरिराम गेंडरे, गैंदूराम नेताम, शिशुपाल विश्वकर्मा होंगे।



# मड़ेली में भाईचारा और सद्भावना के साथ मना होली पर्व

■ गांव अब नैतिक दिशा की ओर आगे बढ़ रहा है: संतराम

हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव

ग्राम मड़ेली में इस वर्ष होली पर्व को भाईचारा, सद्भावना और सामाजिक एकता के संदेश के साथ हर्षोल्लास से मनाया गया। गांव में प्राचीन परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत को सहेजते हुए नगाड़े की थाप, ढोल की चाप और डंडा नृत्य की सामूहिक प्रस्तुति ने पूरे माहौल को उत्साह से भर दिया। इस आयोजन में युवा वर्ग के साथ-साथ बड़े-बुजुर्गों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली, जिससे गांव में आपसी प्रेम और सहयोग की भावना और मजबूत हुई।



होली के दूसरे दिन ग्राम पंचायत मड़ेली और ग्राम विकास समिति की संयुक्त बैठक आयोजित की गई, जिसमें पूरे आयोजन की समीक्षा की गई। बैठक में ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष संतराम साहू ने युवाओं और ग्रामवासियों की सराहना करते हुए कहा कि गांव अब नैतिक दिशा की ओर आगे बढ़ रहा है। समिति के संरक्षक नारायणगिरी गोस्वामी ने अपने संबोधन में कहा कि गांव में नए युग की शुरुआत हो रही है और लोगों की सोच में सकारात्मक बदलाव दिखाई दे रहा है, जिससे एकता और अखंडता की भावना मजबूत हो रही है।

पूर्व जनपद अध्यक्ष शारदा लोकनाथ साहू ने कहा कि गांव में अमन और शांति का माहौल बनना पूरे क्षेत्र के लिए शुभ संकेत है और युवा पीढ़ी इसे संजोने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। ग्राम प्रमुख हरीश कुमार गांधी ने कहा कि दूरदर्शी सोच के कारण गांव में अभूतपूर्व परिवर्तन देखने को मिल रहे हैं और अब लोगों को थाना-कचहरी के बजाय गांव की जनअदालत में ही न्याय मिल रहा है।

जनपद सदस्य ठाकुर राम साहू ने कहा कि यह सब गांव की एकजुटता और साहस का परिणाम है, जिसका प्रभाव आसपास के गांवों में भी दिखाई देने लगा है। सरपंच वीणा लक्ष्मीनारायण ने कहा कि बड़े-बुजुर्गों के मार्गदर्शन और गांव की भलाई के लिए बनाए गए नियमों के पालन से सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं।

उपसरपंच ओम देवांगन, ईश्वर सोन, नारायण साहू और सोशल मीडिया प्रभारी शेखर साहू सहित ग्राम विकास समिति के सभी सदस्यों और पंचों ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर ग्रामीणों ने गुलाल और रंगों के स्थान पर फूलों से होली खेलकर एक-दूसरे को गले लगाया और बड़ों का आशीर्वाद लेकर गांव में एकता, अखंडता और भाईचारे को बनाए रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन ग्राम विकास समिति के सचिव चेतन साखरे ने किया।

# ग्राम प्रमुखों ने पर्यावरण संरक्षण की मिसाल पेश की

हरिभूमि न्यूज ⏭कोर्रा(भखारा)

होली का पर्व पूरे भारत में धूमधाम से मनाया गया। यह पर्व भक्त प्रह्लाद की पौराणिक कथा, राधा-कृष्ण के प्रेम और बसंत ऋतु के आगमन से जुड़ा हुआ है। रंग, गुलाल, ढोल-नगाड़े, फाग गीत और नृत्य के साथ लोग गिले-शिकवे भुलाकर इस त्योहार को खुशी और भाईचारे के साथ मनाया।



ग्राम गुजरा के ग्राम प्रमुखों ने इस वर्ष होली पर पर्यावरण संरक्षण और बच्चों की सुरक्षा के प्रति सराहनीय पहल की। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि होलिका दहन के लिए हरे-भरे पेड़-पौधों को नुकसान न पहुंचे और छोटे बच्चों को भी किसी प्रकार की चोट न लगे। इसके लिए ग्राम प्रमुखों ने स्वयं खेत-खलिहानों से सूखी लकड़ियां इकट्ठा कीं और उन्हें ऑटो में भरकर होलिका दहन स्थल तक पहुंचाया। बाद में सभी ने मिलकर लकड़ियों को व्यवस्थित रूप से रखा।

इस कार्य में पूर्व जिला पंचायत सदस्य अमरदीप साहू, ग्राम प्रमुख रेख राम साहू, ग्राम सचिव सुनील तिवारी, सरपंच प्रतिनिधि खिलेश्वर सोनकले, द्विज राम सोनकले, संतराम ठाकुर, खोरबहरा राम साहू, सांवत राम साहू, धर्म सिंह साहू और शत्रुघ्न साहू सहित अन्य ग्रामीण सक्रिय रूप से शामिल रहे।

## प्रावीण्य छात्रवृति परीक्षा 2 मई को

**मगरलोड।** केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय अंतर्गत स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग द्वारा राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति योजना (एनएमएमएसई) के तहत 2 मई को परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसमें चयनित कक्षा 8वीं में अध्ययनरत आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थी को 9वीं से 12वीं तक पढ़ाई के लिए हर माह एक हजार रूपये की छात्रवृत्ति केंद्र सरकार की ओर से प्रदान की जाएगी। आवेदन फार्म भरने की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। विद्यार्थी द्वारा ऑफलाइन फार्म भरने की अंतिम तिथि 20 मार्च है। परीक्षा के लिए राज्य शासन द्वारा संचालित शासकीय, शासकीय अनुदान प्राप्त, स्थानीय निकाय के स्कूल में कक्षा 8वीं के वे विद्यार्थी जो पिछली कक्षा कक्षा 7वीं में न्यूनतम 55 प्रतिशत (एससी-एसटी हेतु 5 प्रतिशत छूट) अंक के साथ उत्तीर्ण हुए हों। विद्यार्थी के माता-पिता अथवा पालक की सभी स्त्रोत्रों से वार्षिक आय 3.50 लाख रूपये से अधिक न हो। केन्द्रीय, नवोदय, निजी एवं आवासीय विद्यालय के विद्यार्थी इस योजना के लिए पात्र नहीं होंगे। यह जानकारी शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मगरलोड के प्राचार्य एआर साहू व परीक्षा प्रभारी एचके रजक ने दी है।

## सिलीडीह में होली मिलन एवं वृद्धों का हुआ सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव

ग्राम पंचायत सिलीडीह में होली मिलन एवं वृद्धजन सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। बुजुर्गों को सरपंच श्रीमती रूचि देवांगन, उपसरपंच रामबिशाल साहू तथा पंचों ने श्रीफल एवं शाल भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर तीजूराम देवांगन, इंदल निषाद, पाहरुराम यादव, भारत निषाद, कुंवर बाई चक्रधारी, बुधियारिन ध्रुव, रोहित साहू, पेखन देवांगन समेत गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# नगर पंचायत आमदी में होली पर्व धूमधाम से मना

हरिभूमि न्यूज ⏭आमदी(धमतरी)

रंगों का पर्व होली नगर पंचायत आमदी के साथ अंचल में भी धूमधाम से मनाया गया। यह पर्व फागुन महीने के शुक्ल पक्ष में मनाया जाता है। इसे आपसी भाईचारे और प्रेम का प्रतीक माना जाता है। इस वर्ष चंद्रग्रहण होने के कारण दो दिन होलिका दहन किया गया।

नगर पंचायत आमदी में सोमवार की रात नगर के बैगा व जनप्रतिनिधियों ने-पूरे विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना के साथ होलिका दहन किया। वहीं लोगों ने मंगलवार व बुधवार को गोबर के कंडे, नारियल, पकवान आदि होलिका माता को अर्पण किए। साथ ही होलिका की राख से एक दूसरे को तिलक लगाया। नगर में बुधवार को जगह-जगह नगाड़ों की थाप तो कहीं डीजे की धुन पर रात तक लोग थिरकते गुलाल उड़ाते और रंगों की बौछार करते नजर आए। वहीं महिलाओं द्वारा बनाए गए छत्तीसगढ़ की पारंपरिक व्यंजन ठेठरी, खुरमी, चौसेला, गुलगुला, नमकीन, शक्करपारा से नगर की गलियां महकती रही। बच्चे, बूढ़े और जवान होली के रंगों में मस्ती करते नजर आए।




युवाओं के चयन से पूरे क्षेत्र में गर्व और उत्साह का माहौल

# भालुकोना-चरमुड़िया के युवाओं का केंद्रीय सुरक्षा बल में चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

क्षेत्र के युवाओं ने एक बार फिर अपनी मेहनत और लगन से गांव का नाम रोशन किया है। ग्राम भालुकोना एवं चरमुड़िया के पांच युवाओं का केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल में चयन हुआ है। ग्राम भालुकोना के हेमकुमार बंजारे का चयन सीआरपीएफ, थानेंद्र बंजारे का बीएसएफ, कृष्ण कुमार बंजारे का आईटीपीबी तथा गुलशन मनहर का सीआईएसएफ में हुआ है। वहीं ग्राम चरमुड़िया के वीरेंद्र जोशी का चयन बीएसएफ में हुआ है।




इन सभी युवाओं ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चरमुड़िया में अध्ययन करते हुए शिक्षकों के मार्गदर्शन में निरंतर मेहनत की और यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। युवाओं के चयन की खबर से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य, शाला परिवार, ग्राम पंचायत गोबरा एवं चरमुड़िया के सरपंच, जनपद सदस्य श्रीमती उर्वशी जितेंद्र बांधेकर, एसएमडीसी अध्यक्ष भूपेंद्र पटेल सहित ग्रामवासियों ने चयनित युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

**गुंजा का बीएसएफ में चयन**



इसी क्रम में सरस्वती शिशु मंदिर मंदरौद की पूर्व छात्रा कुमारी गुंजा निषाद का भी सीमा सुरक्षा बल में चयन हुआ है। वे विद्यालय के पूर्व आचार्य गोविंद निषाद की पुत्री हैं। उनके चयन पर विद्यालय परिवार एवं क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर है। चयन के बाद विद्यालय में उन्हें सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। गुंजा का प्रशिक्षण पंजाब के होशियारपुर जिले स्थित कैंप में होगा। उनके चयन पर विवेक ज्योति शिक्षण समिति मंदरौद के पदाधिकारियों, विद्यालय के आचार्यों, दीदी एवं प्रधानाचार्य के साथ ही ग्राम के जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों ने उन्हें देश सेवा के लिए शुभकामनाएं दी हैं। चयनित युवाओं की इस उपलब्धि पर पूरे क्षेत्र में गर्व और उत्साह का माहौल है।

**आम सूचना**

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्रीमती अंकिता जैन पति अंकित जैन निवासी सदर बाजार धमतरी तहसील व जिला धमतरी से उसके स्वत्व एवं धारण की भूमि स्थित ग्राम सेहराडबरी प.ह.नं. 22 तहसील व जिला-धमतरी जिसका खसरा नंबर 38/4 रकबा 0.06 हे. एवं खसरा नंबर 39/2 रकबा 0.01 हे. कुल रकबा 0.07 हे. जो मुख्य मार्ग रायपुर रोड राष्ट्रीय राज मार्ग से लगी हुई है को क्रय करने का सौदा किया गया है जिसकी पंजीयन की कार्यवाही शीघ्र की जानी है।

अतः उपरोक्त भूमि के संबंध में किसी भी व्यक्ति, सीमावर्ती व्यक्ति, संस्था, निकाय, शासकीय, अर्द्धशासकीय बैंक आदि को उक्त संपत्ति पर किसी भी प्रकार का कोई दावा आपत्ति करना हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन के **07 दिनों (सात दिन)** के अंदर अपने स्वामित्व संबंधित संपूर्ण दस्तावेज सहित स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से मेरे कार्यालय में आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, समयावधी के पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा एवं मेरा पक्षकार हर प्रकार के विवादों से मुक्त मानकर अपने पक्ष में पंजीयन करा लेवेगा।

**अतः सूचना जानें।**

दिनांक :-07.03.2026

**मनोहर लच्छवानी (अधिवक्ता)**
**भगवती बेकरी के पास, विमल टॉकिज रोड धमतरी जिला-धमतरी (छ.ग.)**
**पिन नंबर 493773**

**// सार्वजनिक सूचना //**

मैं शपथकर्ता गजेन्द्र कुमार सिन्हा सत्यनिष्ठापूर्वक कथन करता हूं :-

1. यह कि मुख्यमंत्री महतारी वंदन योजना के अंतर्गत कार्यालय परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना धमतरी शहरी जिला धमतरी में श्रीमती पूनम सिन्हा पिता टेकराम सिन्हा निवासी रिसाईपारा पश्चिम टिकरापारा के द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र एवं शपथ प्रमाण पत्र में बिंदु क्रमांक 01 में मेरे परिवार का कोई भी सदस्य वर्तमान में भारत सरकार अथवा राज्य सरकार के शासकीय संविदा के तृतीय वर्ग कर्मचारी हूं। जो कि पूनम सिन्हा के द्वारा मुझे नहीं दर्शाया गया।
2. आवेदन पत्र के साथ संलग्न किये गये दस्तावेजों में विधवा होने की स्थिति में पति का मृत्यु प्रमाण पत्र कालम मे राईट चिन्ह अंकित किया गया है।
3. यह कि घोषणा शपथपत्र में मेरे पति का व्यवसाय/कार्य कृषि लिखायी है।
4. यह कि मेरा इस महिला के साथ पिछले 12-13 वर्षों से यानी अक्टूबर 2014 से कोई किसी प्रकार से संबध नहीं है और न ही दोनों बच्चे से किसी प्रकार का संबंध रहेगा और न ही भविष्य में रहेगा। महतारी वंदन योजना में झूठा शपथपत्र देकर पति का मृत्यु प्रमाण पत्र के कालम में राईट चिन्ह लगाकर दर्शा दिया है। यह इस प्रकार प्रताड़ित कर रखी है सभी प्रकार का दुख तकलीफ दे रही है पिछले 12-13 वर्षो अपने मायके धमतरी में रहकर लगातार यही काम कर रही है और न जाने कौन-कौन अनैतिक गलत काम कर रही है।
5. यह कि श्रीमती पूनम सिन्हा पिता टेकराम सिन्हा निवासी रिसाईपारा पश्चिम धमतरी के द्वारा मुझे तथा मेरे परिवार वालों को प्रताड़ित करके यह मेरे माता पिता को भी दादा दादी के सुख वंचित कर रखी है सभी प्रकार का दुख तकलीफ दे रही है पिछले 12 वर्षों से वह अपने मायके धमतरी में रहकर लगातार यही काम कर रही है और ना जाने कौन-कौन सा अनैतिक गलत काम करते हुए मानसिक शारीरिक आर्थिक सामाजिक रूप से परेशान कर रही है और यहां तक की सामाजिक रूप से भी परेशान कर चुकी है और मेरा इसके साथ आज के तारीख में कोई संबंध नहीं है।
6. यह कि जिसके साथ भी भविष्य में जिउंगा वही मेरा सब कुछ होगा मेरा जो भी आय, संपत्ति, जमीन, जायदाद, रूपया, पैसा, बैंक, बैलेंस, चल, अचल, संपत्ति, जो भी होगा वह मेरे साथ घर में रहकर जीवन जीने वाले का होगा इस पर श्रीमती पूनम सिन्हा (पिता टेकराम सिन्हा निवासी रिसाईपारा पश्चिम धमतरी) व उनके दोनों बच्चों कु. सोनाली एवं कु. दाव्या का कोई भी हक अधिकार नहीं रहेगा।
7. यह कि पूनम सिन्हा पिता टेकराम सिन्हा निवासी रिसाईपारा पश्चिम धमतरी के द्वारा मेरे से जो सोना चांदी का आभूषण अभी तक लिवाया गया है उसे तत्काल वापस किया जाये क्योंकि मैं उसका ईएमआई 14,141 रु. प्रतिमाह मेरे बैंक खाते से कट रहा है। ताकि मैं उसे बेच कर कर्ज की राशि अदा कर सकूं।
8. यह कि श्रीमती पूनम सिन्हा पिता टेकराम सिन्हा निवासी रिसाईपारा पश्चिम धमतरी द्वारा किया गया कृत्य की मुझे जीवित रहते हुए भी मृत्यु घोषित कर आवेदन करना जो की पूर्णतः गलत व अनुचित है। इस प्रकार की महिला से मैं किसी भी प्रकार का संबंध बनाए रखना नहीं चाहता हूं ना ही इनके द्वारा मांग की गई भरण पोषण की राशि पर कोई विचार नहीं करूंगा। जब मैं उनके लिए मृत हूं तो किस आधार पर मुझे भरण पोषण की मांग की जा रही है मैं किसी भी प्रकार के भरण पोषण के देनदार नहीं हूं।
9. यह कि श्रीमती पूनम सिन्हा पिता टेकराम सिन्हा निवासी रिसाईपारा पश्चिम धमतरी द्वारा मुझे तथा मेरे परिवार वालो को सबक सिखाउंगी तथा गजेन्द्र सिन्हा को तलाक ना देकर तड़पने के लिये मजबूर कर दूंगी इस प्रकार वह मुझे शारीरिक, आर्थिक, सामाजिक, मानसिक रूप से लगातार प्रताड़ित करने का कृत्य करते आ रही है।
10. यह कि पूनम सिन्हा पिता टेकराम सिन्हा निवासी रिसाईपारा पश्चिम धमतरी के साथ यदि कोई व्यक्ति किसी प्रकार का आर्थिक एवं सामाजिक व्यवहार करता है तो उसके किसी भी प्रकार की गतिविधी के लिये मैं तथा मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं रहेगा।

**विधिक सार्वजनिक सूचना**

एतद् द्वारा समस्त आमजन, शासकीय एवं अर्द्धशासकीय विभागों, बैंक, वित्तीय संस्थान, सहकारी समितियों को सूचित किया जाता है कि -

मैं गजेन्द्र सिन्हा, निवासी ग्राम कोरर, तहसील भानुप्रतापपुर, जिला कांकेर (छ.ग.), यह सार्वजनिक घोषणा करता हूं कि श्रीमती पूनम पिता टेकराम सिन्हा निवासी रिसाईपारा पश्चिम टिकरापारा, जिला धमतरी छ.ग. दिनांक 22.10.2014 से बिना किसी वैध अथवा न्यायोचित कारण के वैवाहिक दायित्वों का परित्याग कर अपने मायके में पृथक निवास कर रही है।

इस अवधि दिनांक 22.10.2014 से आज तक हमारे मध्य कोई वैवाहिक, समाजिक अथवा आर्थिक संबंध व्यवहारिक रूप से नहीं है। इसके बावजूद आज दिनांक 05.03.2026 तक वह न तो वैवाहिक संबंध समाप्त करने हेतु तलाक प्रदान कर रही है और न ही मेरे वैधानिक जीवन निर्वाह के अधिकारों का सम्मान कर रही है।

अतः स्पष्ट रूप से घोषित किया जाता है कि -

1. श्रीमती पूनम सिन्हा (पिता-टेकराम सिन्हा)
2. कुमारी दाव्या सिन्हा, 3. कुमारी सोनाली सिन्हा

यदि उपरोक्त नामित व्यक्तियों द्वारा किसी भी प्रकार का ऋण, उधारी, जमानत, गारंटी, संपत्ति क्रय-विक्रय, बैंक अथवा वित्तीय लेने-देन, अनुबंध या अन्य आर्थिक व्यवहार किया जाता है, तो उसके लिए मैं गजेन्द्र सिन्हा किसी भी प्रकार से उत्तरदायी या बाध्य नहीं रहूंगा। साथ यह भी सार्वजनिक रूप से अभिलिखित किया जाता है कि श्रीमती पूनम सिन्हा (पिता-टेकराम सिन्हा) द्वारा दीर्घकाल 12-13 वर्षों से संबंधों को परित्याग करने के बावजूद तलाक देने से इंकार किया जा रहा है तथा मेरे वैधनिक अधिकारों में निरंतर बाधा उत्पन्न की जा रही है, जिसके संबंध में मैं आवश्यक विधिक कार्यवाही करने के लिए स्वतंत्र हूं। यह कि सार्वजनिक सूचना भविष्य में उत्पन्न होने वाले किसी प्रकार के आर्थिक, सामाजिक या विधिक विवाद से स्वयं को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से जारी की जा रही है।

दिनांक : 05.03.2026
स्थान : धमतरी

**हस्ताक्षर**
**गजेन्द्र सिन्हा**
**निवासी-ग्राम कोरर, तहसील भानुप्रतापपुर, जिला कांकेर छ.ग.**

## खबर संक्षेप



### यात्री प्रतीक्षालय में लगी आग, मची अफरा-तफरी

**नगरी।** नगर के नाहटा चौक के पास स्थित गांधी बाल उद्यान के प्रवेश द्वार पर बने यात्री प्रतीक्षालय में गुरुवार की दोपहर लगभग 2 बजे अचानक आग लगने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। अफरा-तफरी का माहौल बन गया। प्रतीक्षालय के ऊपर से विद्युत तार गुजरा है। आशंका जताई जा रही है कि तार में स्पार्किंग होने के कारण आग लगी। बताया जा रहा है कि प्रतीक्षालय के टिन की छत पर आसपास के पेड़ों के सूखे पत्ते बड़ी मात्रा में जमा थे, जिनमें स्पार्किंग के बाद तेजी से आग फैल गई। घटना के दौरान आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल नगर पंचायत को सूचना दी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और समय रहते आग पर काबू पा लिया। इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। घटना की सूचना विद्युत विभाग को भी दी गई, जिसके बाद एहतियातन क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति अस्थायी रूप से बंद कर दी गई। स्थानीय लोगों ने संबंधित विभाग से क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने तथा विद्युत तारों की नियमित जांच कराने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं से बचा जा सके।

### तेज रफ्तार ट्रक ने एम्बुलेंस को मारी टक्कर, हेल्पर हुआ गंभीर



**कांकेर।** चारामा-कोरर मार्ग पर ग्राम चांवडी के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने सामने से आ रही एम्बुलेंस को जोरदार टक्कर मार दी। इस सड़क हादसे में एम्बुलेंस का सामने का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है और वाहन में सवार हेल्पर को गंभीर चोटें आई हैं। झण्डा चौक आजाद नगर रावाभाठा रायपुर निवासी और खुशी एम्बुलेंस के हेल्पर ने बताया कि 4 मार्च की सुबह करीब 8 बजे वे एम्बुलेंस क्रमांक सीजी 04 क्यूजी 3091 में चालक 26 वर्षीय साहिल खान के साथ नवकार अस्पताल रायपुर से एक शव लेकर मुंगेली जिले के ग्राम झेपरा गए थे। शव छोड़कर वापस रायपुर लौटते समय दोपहर करीब 12:30 बजे जब वे ग्राम चांवडी मेन रोड के पास पहुंचे, तभी चारामा से कोरर की ओर जा रही ट्रक क्रमांक सीजी 07 सीडब्ल्यू 6422 के चालक ने अपने वाहन को अत्यधिक तेज रफ्तार और लापरवाही से चलाते हुए एम्बुलेंस को सामने से जबरदस्त ठोकर मार दी। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी ट्रक वाहन क्रमांक सीजी 07 सीडबल्यू 6422 का चालक के खिलाफ धारा 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

जल पर्यटन को बढ़ावा देने नौकायन प्रतियोगिता 11 मार्च को होगी

# गंगरेल बांध में पहली बार महानदी रिवर बोट चैंपियनशिप

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

जिले में पर्यटन गतिविधियों को नई पहचान देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा की पहल पर जिला पर्यटन समिति द्वारा गंगरेल बांध में पहली बार गंगरेल नौकायन उत्सव अंतर्गत महानदी रिवर बोट चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है।

यह रोमांचक नौका दौड़ प्रतियोगिता 11 मार्च को दोपहर 3 बजे से गंगरेल बांध में होगी। जिला प्रशासन द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य जिले में जल पर्यटन को बढ़ावा देना, स्थानीय युवाओं को साहसिक खेलों के प्रति प्रेरित करना तथा गंगरेल क्षेत्र को पर्यटन के प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित करना है। इस आयोजन से न केवल स्थानीय प्रतिभाओं को अपनी क्षमता प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा, बल्कि पर्यटकों के लिए भी यह एक आकर्षक आयोजन साबित होगा। प्रत्येक टीम के लिए 500 रुपये पंजीयन शुल्क है। पंजीयन की अंतिम तिथि 9 मार्च की शाम 5 बजे तक है। इच्छुक टीमें क्यूआर कोड के माध्यम से भी पंजीयन करा सकती हैं।



#### प्रथम आने वाली टीम को मिलेगा 1 लाख

नाव दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम आने वाली टीम को 1 लाख रुपये, द्वितीय 50 हजार रुपये तथा तृतीय टीम को 25 हजार रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त नाव सजावट और पारंपरिक वेशभूषा में 11-11 हजार रुपये के विशेष पुरस्कार दिए जायेंगे। प्रतियोगिता में सांस्कृतिक रंग भी देखने को मिलेगा। प्रत्येक टीम में 10 सदस्य होंगे। एक अतिरिक्त (रिजर्व) खिलाड़ी रखने की अनुमति होगी। सभी प्रतिभागियों के लिए समान वेशभूषा अथवा लाइफ जैकेट पहनना अनिवार्य है।

#### इंजन या मोटर चालित नावों के उपयोग पर प्रतिबंध

प्रतियोगिता में केवल आयोजक द्वारा स्वीकृत पारंपरिक नावों को ही भाग लेने की अनुमति दी जाएगी तथा इंजन या मोटर चालित नावों का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। दौड़ की दूरी पूर्व निर्धारित रहेगी और जो नाव सबसे पहले फिनिश लाइन पार करेगी, उसे विजेता घोषित किया जाएगा। खराब मौसम की स्थिति में प्रतियोगिता को आवश्यकतानुसार स्थगित भी किया जा सकता है। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा कि गंगरेल बांध प्राकृतिक सौंदर्य और जल संसाधनों से समृद्ध क्षेत्र है। इस प्रकार के आयोजन से जिले में पर्यटन गतिविधियों को नई पहचान मिलेगी और स्थानीय युवाओं को साहसिक खेलों में भागीदारी का अवसर मिलेगा।

## प्रधानमंत्री आवास के मजदूरी भुगतान में गड़बड़ी की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

- रोजगार सहायिका को हटाने की मांग

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत मजदूरी भुगतान में कथित अनियमितता की शिकायत कलेक्टर से की गई है। कुरूद तहसील के पंचायत कोटगांव के पीएम आवास हितग्राही चैतूराम कोसरिया, डोमार सिंग बारले, पुसलाल बारले, देवकी बाई कोसरिया, सावित्री टंडन, उमेश गायकवाड़, कोमल भारती ने कलेक्टर को आवेदन कर कहा है कि उन्हें पीएम आवास योजना का लाभ मिला है। इस योजना के तहत तीन माह की मनरेगा मजदूरी की राशि हितग्राही को मिलती है लेकिन मजदूरी की राशि उनके खाते में न डालकर अन्य व्यक्ति के नाम से मजदूरी राशि डलवाई गई है। रोजगार सहायिका अपने पद का दुरूपयोग कर घोर अनियमितता कर रही है। पूर्व में भी रोजगार सहायिका की शिकायत की जा चुकी है। वर्तमान में पीएम आवास की मनरेगा राशि में धोखाधड़ी की निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की गई है।

## नशे पर प्रतिबंध लगाने का निर्णय समाज सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण पहल : रंजना



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



ग्राम बिरेतरा में आयोजित महिला कमांडो सम्मान समारोह में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती रंजना साहू बतौर अतिथि शामिल हुईं। इस अवसर पर गांव की महिला कमांडो टीम का सम्मान कर उनके साहस, जागरूकता और सामाजिक योगदान की सराहना की गई। इस अवसर पर सीएसपी अभिषेक चतुर्वेदी ने कहा कि समाज में बढ़ती आपराधिक घटनाओं और नशे की प्रवृत्ति को रोकने के लिए सामूहिक जागरूकता और सामाजिक जिम्मेदारी बेहद आवश्यक है। यदि गांव के लोग मिलकर नशा और अपराध के खिलाफ संकल्प लें, तो एक सुरक्षित और स्वस्थ समाज का निर्माण संभव है। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती रंजना साहू ने कहा कि ग्राम बिरेतरा की महिलाओं द्वारा समाजहित में उठाया गया यह कदम अत्यंत सराहनीय और प्रेरणादायी है। महिला कमांडो टीम का गठन न केवल महिलाओं की जागरूकता और शक्ति का प्रतीक है, बल्कि यह पूरे क्षेत्र के लिए एक सकारात्मक संदेश भी है। ग्रामीणों द्वारा नशे पर प्रतिबंध लगाने का निर्णय समाज सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इससे आने वाली पीढ़ी को बेहतर वातावरण मिलेगा और गांव का समग्र विकास भी संभव होगा। यदि हर गांव इस प्रकार का संकल्प ले, तो पूरा क्षेत्र नशा और अपराध से मुक्त हो सकता है। मौके पर जिला पंचायत सदस्य श्रीमती धनेश्वरी साहू, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी उमेश साहू, भाजपा नेत्री रितिका यादव सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, वरिष्ठजन उपस्थित थे।

## इर्रा में 15 बच्चे मध्यम एवं गंभीर कुपोषित मिले



**धमतरी।** हमर स्वस्थ लइका कार्यक्रम के तहत विकासखंड कुरूद के ग्राम इर्रा स्थित आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 01 में कुपोषित बच्चों के पालकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. हेमराज देवांगन एवं महिला बाल विकास विभाग की परियोजना अधिकारी श्रीमती सरिता कुशवाहा ने पालकों को पोषण आहार, कुपोषण व सुपोषण, बच्चों के नियमित वजन की निगरानी तथा उनकी समुचित देखभाल के संबंध में जानकारी दी।

इस दौरान अति कुपोषित बच्चों को पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) भेजने के लिए भी पालकों को परामर्श दिया गया। ग्राम इर्रा में वर्तमान में 15 बच्चे मध्यम एवं गंभीर कुपोषण की श्रेणी में चिन्हांकित किए गए हैं, जिनके स्वास्थ्य सुधार के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में सरपंच सूर्यकांत साहू, सेक्टर पर्यवेक्षक श्रीमती खिलेश्वरी सोनवानी, बीपीएम रोहित पाण्डेय, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा मितानिन भी उपस्थित रही।

सरपंच सूर्यकांत ने बच्चों को खीर-पूड़ी परोसकर तिथि भोज कराया। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग की टीम ने 15 दिवस पूर्व संस्थागत प्रसव हुई माताओं के घर जाकर पीएनसी (पोस्ट नेटल केयर) के तहत गृहभेंट कर स्वास्थ्य जांच एवं आवश्यक परामर्श भी प्रदान किया।

## नपं क्षेत्र में 100 करोड़ से अधिक के विकास कार्य हुए : छाबड़ा

- नगर पंचायत का 1 साल बेमिसाल कार्यक्रम, पत्रकारों ने मनाया होली मिलन समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी




नगर पंचायत नगरी के एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर 1 साल बेमिसाल कार्यक्रम के तहत रेस्ट हाउस में पत्रकार वार्ता एवं होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर के पत्रकारों का गुलाल लगाकर आत्मीय स्वागत किया गया।

प्रेसवार्ता में नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, उपाध्यक्ष विकास बोहरा एवं लोक निर्माण विभाग के सभापति अश्वनी निषाद ने एक वर्ष के कार्यकाल में किए गए विकास कार्यों की जानकारी दी। अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा ने बताया कि नगर पंचायत क्षेत्र में लगभग 100 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्य एवं विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ लोगों को दिया गया है। उन्होंने बताया कि अमृत मिशन योजना के तहत करीब 70 करोड़ रुपये की लागत से पेयजल एवं आधारभूत सुविधाओं का कार्य चल रहा है, वहीं विभिन्न मदों से करीब 12 करोड़ रुपये के निर्माण कार्य स्वीकृत किए गए हैं। महतारी वंदन योजना के तहत लगभग 2500 महिलाओं को करीब 3 करोड़ रुपये की राशि प्रदान की गई। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लगभग 2 करोड़ रुपये के आवास स्वीकृत किए गए हैं तथा पेंशन और अन्य योजनाओं के माध्यम से भी हितग्राहियों को राशि प्रदान की गई है। अध्यक्ष ने बताया कि पुरानी बस्ती पुलिया निर्माण के लिए करीब 3.31 करोड़ रुपये की स्वीकृति मिल चुकी है तथा बजरंग चौक से हरदीभाठा चौक तक सड़क चौड़ीकरण के लिए राज्य बजट में 34 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। कार्यक्रम के अंत में होली मिलन समारोह आयोजित किया गया, जिसमें जनप्रतिनिधियों, पत्रकारों एवं अधिकारियों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर पार्षदगण, नगर पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## नारी समाज और राष्ट्र की प्रगति की प्रमुख शक्ति है : ज्योति



- ग्राम चर्रा में आयोजित हुआ महिला सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

विकासखंड कुरूद के सांसद आदर्श ग्राम चर्रा में महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाओं की सहभागिता रही, जहां महिला सशक्तिकरण और समाज निर्माण में उनकी भूमिका पर चर्चा की गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद कुरूद की अध्यक्ष श्रीमती ज्योति चन्द्राकर ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस दौरान श्रीमती चंद्राकर ने कहा कि नारी केवल परिवार की आधारशिला ही नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र की प्रगति की प्रमुख शक्ति है। उन्होंने महिलाओं की शिक्षा, आत्मनिर्भरता और सार्वजनिक जीवन में बढ़ती भागीदारी को समाज के लिए सकारात्मक संकेत बताया। कार्यक्रम में स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। पारंपरिक वेशभूषा में महिलाओं ने छत्तीसगढ़ का प्रसिद्ध सुआ नृत्य प्रस्तुत कर कार्यक्रम में उत्साह का वातावरण बना दिया, जिसे उपस्थित लोगों ने खूब सराहा।

इस अवसर पर महिला एडीओ, उपसरपंच ललिता यादव, क्लस्टर अध्यक्ष यमुना, सरोज, मीना बाई, मुकेश्वरी, दुर्गा साहू सहित बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रहीं। महिलाओं ने समाज के हर क्षेत्र में आगे बढ़ने का संकल्प लिया।

## होली बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व है : बाबर

- देमार व कुरमातराई के फाग महोत्सव में शामिल हुईं जिला पंचायत सदस्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



ग्राम देमार व कुरमातराई में एक दिवसीय फाग प्रतियोगिता का आयोजन फाग समिति द्वारा किया गया। समापन कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती कविता बाबर सदस्य जिला पंचायत थीं। आसपास की मंडलियों ने फाग गीतों पर अपनी प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्रीमती बाबर ने कहा कि होली का त्योहार भारतीय संस्कृति और परंपरा का एक मुख्य त्योहार है। इस त्योहार के माध्यम से लोगों को यह संदेश मिलता है कि बुराई पर अच्छाई की जीत सदा होती है। यह एक आपसी प्रेम और सदभाव को बढ़ाने वाला त्योहार माना जाता है। लोग एक दूसरे के प्रति वैमनस्य भुलाकर सद्भावना पूर्वक मिलते जुलते और प्रेम और स्नेह के रंग में रंग जाते हैं। मराठा समाज के पूर्व अध्यक्ष विनोद राव रणसिंह ने कहा कि होली का त्योहार एक ऐसा पर्व है जिसमें हम आपसी सौहार्द बनाए रखते हैं और सभी को मिलकर इस त्योहार को मनाने का संकल्प लेना चाहिए।

मौके पर जनपद सदस्य भारती साहू, सरपंच भुनेश्वरी साहू, सरपंच विमलेश मीनपाल देमार, शीत कुमार साहू, योगेश मारकंडे, जनपद सदस्य संतोष मीनपाल, सेवक साहू, अमरसिंह साहू, सियाराम साहू,यक्ष साहू, भगवती साहू, संतोष सिन्हा, दुखुराम समेत बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

## कुरूद को मिली 9.80 करोड़ की सौगात

- हाईटेक ऑडिटोरियम और आधुनिक बाजार के लिए मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद





नगर पालिका परिषद कुरूद के विकास को नई गति देते हुए राज्य सरकार ने शहर के दो महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट के लिए कुल 9 करोड़ 80 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। इस राशि से नगर में सर्वसुविधायुक्त ऑडिटोरियम भवन का निर्माण और नए बाजार का उन्नयन किया जाएगा।

वार्ड क्रमांक 14 स्थित वीर सावरकर संकुल में 7 करोड़ 50 लाख रुपये की लागत से 500 सीट क्षमता वाला आधुनिक ऑडिटोरियम और सांस्कृतिक परिसर बनाया जाएगा। वहीं वार्ड क्रमांक 11 में स्थित नए बाजार को 2 करोड़ 30 लाख रुपये की लागत से विकसित कर उसे आधुनिक स्वरूप दिया जाएगा, जिससे व्यापारियों और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी।

नगर पालिका परिषद अध्यक्ष ज्योति चन्द्राकर ने इसे कुरूद नगर के लिए बड़ी उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि ऑडिटोरियम के निर्माण से शहर में सांस्कृतिक, सामाजिक और शैक्षणिक कार्यक्रमों के लिए एक आधुनिक मंच उपलब्ध होगा, वहीं बाजार के उन्नयन से व्यापारिक गतिविधियों को भी नई गति मिलेगी।

श्री चन्द्राकर ने कहा कि क्षेत्रीय विधायक अजय चन्द्राकर के विशेष प्रयास और मार्गदर्शन से इन महत्वपूर्ण विकास कार्यों को स्वीकृति मिल सकी है, जिससे कुरूद नगर के विकास को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने इस सौगात के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव और वित्त मंत्री ओपी चौधरी के प्रति आभार व्यक्त किया।

## होली पर्व पर ग्राम कोटवार ने निभाई जिम्मेदारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

होली जैसे प्रमुख त्योहार के दौरान ग्राम कर्राघाटी में शांति एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए ग्राम कोटवार दीनदयाल गंधर्व द्वारा सराहनीय भूमिका निभाई गई। होली के दिन वे वर्दी में रहते हुए पूरे समय ड्यूटी पर तैनात रहे और थाना प्रभारी के आदेशों का पूरी जिम्मेदारी के साथ पालन करते हुए गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने का कार्य किया।

इस दौरान गांव में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो, इसके लिए उन्होंने लगातार निगरानी रखी और लोगों को शांतिपूर्ण तरीके से त्यौहार मनाने के लिए प्रेरित किया। ग्राम में शांति बनाए रखने में जनपद सदस्य प्रमोद कुंजाम, पूर्व सरपंच राजेश कोर्राम, कर्राघाटी के बीट प्रभारी श्री वर्मा, हेमंत यादव, देवकुमार यादव सहित अन्य ग्रामीणों ने भी सहयोग प्रदान किया।

## फागुन ठहाका में कवियों ने शहरवासियों को खूब गुदगुदाया

- होली पर्व पर राधा कृष्ण भवन में हुआ कवि सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी




होली पर्व पर राधा कृष्ण भवन में आयोजित कवि सम्मेलन एवं फूलों की होली ने शहरवासियों को काव्य और भक्ति के रंग में सराबोर कर दिया। कार्यक्रम में श्रृंगार, हास्य और व्यंग्य से सजी कविताओं ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। दिल्ली से आई पद्मिनी शर्मा तथा आगरा की योग्यता चौहान ने श्रृंगार रस की कविताओं की प्रभावशाली प्रस्तुति दी। छत्तीसगढ़ी भाषा के प्रतिष्ठित कवि रामेश्वर वैष्णव ने भी अपनी सशक्त रचनाओं से कवि सम्मेलन को नई ऊंचाई प्रदान की।

हास्य-व्यंग्य की प्रस्तुतियों में ओमप्रकाश शर्मा, पद्मलोचन मुंहफट और शशिभूषण स्नेही ने श्रोताओं का भरपूर मनोरंजन किया। कार्यक्रम का संचालन पद्मलोचन मुंहफट ने किया। उद्घाटन अवसर पर ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की संयोजिका सरिता ने कहा कि समाज हमें बहुत कुछ देता है, इसलिए समाज के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करना आवश्यक है। धन और खुशियां बांटने से कई गुना बढ़कर वापस मिलती है।

आयोजक पं. राजेश शर्मा ने कहा कि होली पर कवि सम्मेलन आयोजित करने की परंपरा लंबे समय से चली आ रही है और सामर्थ रहने तक यह सेवा का सिलसिला जारी रहेगा। पूर्व सभापति राजेंद्र शर्मा ने भी अपने विचार रखे।

कार्यक्रम में गोपाल प्रसाद शर्मा, जानकीप्रसाद शर्मा, भानु चंद्राकर, निर्मल बरडिया, प्रकाश शर्मा, विकास शर्मा, देवेंद्र मिश्रा, सूरज शर्मा, रोहितास मिश्रा, भूपेंद्र मिश्रा, शशि पवार, कविंद्र जैन, पीबी पराड़कर, सुशील शर्मा, राधेश्याम अग्रवाल, विजय मोटवानी, पिन्टू यादव, कुलेश सोनी, चंद्रभागा साहू, विजय साहू, नरेंद्र गोलछा, राजेंद्र माहेश्वरी, दीप शर्मा, रंजीत छाबड़ा, संजय जैन, आशीष मिन्नी, मेघराज ठाकुर सहित अनेक लोग उपस्थित थे।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### भेण्डरवानी में फागगीत एवं झांकी सम्मेलन आज

**अंवरी।** इस वर्ष भी ग्राम पंचायत भेण्डरवानी में ग्रामवासियों के सहयोग से फागगीत एवं झांकी सम्मेलन का आयोजन 7 मार्च को रखा गया है। यह जानकारी खेमराज साहू ने दी।

### देवांगन समाज की जिला कार्यकारिणी बैठक आज



**सिर्री।** धमतरी जिला देवांगन समाज की कार्यकारिणी बैठक और होली मिलन समारोह 7 मार्च शनिवार को सुबह 11 बजे से सिर्री मंडल अंतर्गत ग्राम सिर्री के पुराना स्कूल भवन के पास समरसता भवन में रखा गया है। मां परमेश्वरी की पूजा अर्चना एवं आरती के साथ बैठक का शुभारंभ होगा। पश्चात पदाधिकारियों का स्वागत, अध्यक्ष उद्बोधन, मां परमेश्वरी मंदिर निर्माण पर चर्चा, मां परमेश्वरी महोत्सव पर समीक्षा, होली मिलन समारोह संपन्न होगा।

### गर्मी का अहसास, पारा 35 डिग्री पर पहुंचा

**धमतरी।** मार्च माह शुरू होने के साथ जिले में तापमान बढ़ने लगा है। शुक्रवार को जिले का अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। वहीं सप्ताह भर में 38 डिग्री पर पहुंचने की संभावना है। प्रदेश में सर्वाधिक तापमान रायपुर में दर्ज किया गया है। शुक्रवार को यहां का पारा 37.8 सेल्सियस मापा गया है। वहीं धमतरी का तापमान 35 सेल्सियस पर पहुंच गया है। न्यूनतम तापमान 20 डिग्री पर है। मौसम सूत्रों के अनुसार सात दिन से अधिकतम तापमान 38 डिग्री पर पहुंचने की संभावना है। प्रदेश में मौसम शुष्क रहेगा। शहर के नागरिक किशोर कुमार देवांगन, हरिराम पटेल ने बताया कि होली के बाद तापमान में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। शुक्रवार दोपहर को तेज धूप तथा गर्म हवाएं भी चली।

### बाइक हादसे में अधेड़ की मौत

**धमतरी।** तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार अधेड़ को ठोकर मार दी। घटना में गंभीर रूप से घायल अधेड़ की अस्पताल में मौत हो गई। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम काशीपुरी निवासी हीरालाल ध्रुव पिता साधोराम उम्र 53 वर्ष मजदूरी करता था। शुक्रवार को अधेड़ घर की मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 05 एपी 9206 से गांव की रोड तरफ गया था। शाम को वापस घर लौट रहा था। इसी दौरान गांव के मुहाने पर स्थित स्कूल व गौठान के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन के चालक ने बाइक को ठोकर मार दी। घटना में अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गयसा। उसे बेहोशी की हालत में उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया जहां डाक्टर ने चेकअप के बाद अधेड़ को मृत घोषित कर दिया। चौकी पुलिस ने शुक्रवार को शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। घटना के बाद अज्ञात चालक अपने वाहन सहित घटनास्थल से फरार हो गया है।

10वीं में 10 और 12वीं में अतिरिक्त 15 अंक मिलेंगे, जिले के 67 खिलाड़ियों की सूची मंडल भेजी गई

# मेडल लाने वाले खिलाड़ियों को बोर्ड परीक्षा में बोनस अंक मिलेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले में बोर्ड परीक्षा दे रहे मेधावी खिलाड़ियों के लिए इस वर्ष खास प्रोत्साहन की व्यवस्था की गई है। राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं में मेडल जीतने वाले विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा परिणाम में बोनस अंक दिए जाएंगे। इससे खिलाड़ियों को पढ़ाई और खेल दोनों में आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा।




शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जिले के कुल 67 विद्यार्थियों ने शालेय खेलकूद प्रतियोगिता में राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर मेडल हासिल किया है। इनमें 10वीं कक्षा के 23 छात्र-छात्राएं शामिल हैं, जिन्हें बोर्ड परीक्षा में 10 बोनस अंक दिए जाएंगे। वहीं 12वीं कक्षा के 44 विद्यार्थियों ने विभिन्न खेलों में मेडल जीतकर जिले का नाम रोशन किया है, जिन्हें परीक्षा परिणाम में 15 बोनस अंक मिलेंगे। शिक्षा विभाग ने इन खिलाड़ियों की सूची माध्यमिक शिक्षा मंडल को भेज दी है। परीक्षा परिणाम जारी होने के बाद इन विद्यार्थियों के अंक में बोनस जोड़ दिया जाएगा।

इधर 9वीं और 11वीं कक्षा की वार्षिक परीक्षा की समय-सारिणी में भी बदलाव किया गया है। पहले यह परीक्षा 27 फरवरी से शुरू होने वाली थी, लेकिन होली पर्व को ध्यान में रखते हुए अब इसे 25 मार्च से प्रारंभ किया जाएगा। परीक्षाएं 7 अप्रैल तक संचालित होंगी।

9वीं कक्षा की परीक्षा 25 मार्च को हिंदी, 27 मार्च को विज्ञान, 30 मार्च को गणित, 1 अप्रैल को संस्कृत, आईटी, हेल्थकेयर एवं अन्य व्यावसायिक विषयों की होगी। 4 अप्रैल को अंग्रेजी तथा 6 अप्रैल को सामाजिक विज्ञान का पेपर होगा। वहीं 11वीं कक्षा का पहला पेपर 25 मार्च को अंग्रेजी और संस्कृत से शुरू होगा तथा अंतिम परीक्षा 7 अप्रैल को होगी।

इस बीच शनिवार को 10वीं बोर्ड की विज्ञान विषय की परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा में शामिल होने के लिए जिले के 10 हजार 488 विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया था, जिनमें से 10 हजार 337 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 151 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। जिले में कुल 85 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। सबसे अधिक अनुपस्थित परीक्षार्थी धमतरी ब्लॉक में रहे, जहां 59 छात्र परीक्षा देने नहीं पहुंचे।

अधिकारियों के अनुसार अब तक जिले में किसी भी केंद्र से नकल का कोई प्रकरण सामने नहीं आया है और परीक्षाएं शांतिपूर्ण ढंग से संचालित हो रही हैं।

## एक माह से बह रहा पानी, शिकायत के बाद भी नहीं जागा निगम

- बांसपारा वार्ड में पाइपलाइन लीकेज से जल की बर्बादी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर के बांसपारा वार्ड में पिछले एक माह से पेयजल पाइपलाइन में लीकेज के कारण पानी लगातार व्यर्थ बह रहा है, जिससे वार्डवासियों में निगम प्रशासन के प्रति नाराजगी देखी जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पाइपलाइन में नाली के पास लीकेज हो गया है, जिसके कारण पानी सड़क किनारे से बाहर निकलकर लगातार बह रहा है।

वार्डवासियों ने बताया कि इस समस्या की शिकायत नगर निगम में कई बार की जा चुकी है, लेकिन अब तक एक भी कर्मचारी मौके पर मरम्मत के लिए नहीं पहुंचा है। इससे बड़ी मात्रा में पानी बर्बाद हो रहा है और सड़क पर भी पानी फैलने से लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



स्थानीय निवासी नीलकंठ यादव, दीनदयाल नेताम, अहिल्याबाई नेताम और रामभरोसा यादव ने बताया कि एक महीने से पानी बह रहा है, लेकिन इसे रोकने या पाइपलाइन की मरम्मत करने के लिए निगम की ओर से कोई पहल नहीं की गई है। वार्डवासियों ने नगर निगम से जल्द से जल्द पाइपलाइन की मरम्मत कर पानी की हो रही बर्बादी को रोकने की मांग की है, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

## सांप दिखाकर पैसा मांग रहे दो सपेरे पकड़ाए



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

धमतरी वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम जवरगांव में दो सपेरे गांव-गांव घूमकर सांप दिखाकर ग्रामीणों से पैसे और चावल मांग रहे थे। बताया जा रहा है कि दोनों सपेरे बालोद जिले के ग्राम सिवनी से आए थे। गांव के एक जागरूक युवक ने इसकी सूचना वन्यजीव प्रेमी वैभव जगने को दी। सूचना मिलते ही वैभव जगने मौके पर पहुंचे और दोनों सांपों को रेस्क्यू कर वन विभाग को सौंप दिया। इनमें एक नागिन और दूसरा खप्पर करैत बताया गया है। वन विभाग ने सपेरों को समझाइश देते हुए उनसे एक वीडियो के माध्यम से माफी भी मंगवाई। साथ ही चेतावनी दी कि भविष्य में यदि सांपों के साथ अत्याचार, उनके दांत या विष ग्रंथि निकालने जैसी गतिविधि करते पाए गए तो उनके खिलाफ वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। दोनों सपेरे लगभग 21-22 वर्ष के युवक हैं।

## नगाड़ों की थाप पर थिरके युवा, शहर से गांवों तक होली का उल्लास

- घरों में बने पारंपरिक व्यंजनों का लुत्फ उठाया

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले सहित पूरे धमतरी शहर में होली का पर्व सद्भाव और भाईचारे के साथ मनाया गया। ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में लोगों ने परंपरागत रीति-रिवाजों के साथ रंगों का त्योहार मनाया और एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं।

इस वर्ष होली का उत्सव दो दिन तक मनाया गया। कई स्थानों पर 2 मार्च तो कुछ क्षेत्र में 3 मार्च को होलिका दहन की परंपरा निभाई गई। 4 मार्च को रंग-गुलाल और मस्ती के साथ रंगोत्सव मनाया गया। लोगों ने पुराने मतभेद भुलाकर एक-दूसरे को



गले लगाया और प्रेम व भाईचारे का संदेश दिया। घरों में पारंपरिक व्यंजन और मिठाइयों की खुशबू से त्योहार का माहौल और भी खुशनुमा बना रहा। ग्रामीण क्षेत्र में होली के अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। कई गांवों में फाग और भजन-कीर्तन के साथ प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं, जिसमें ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बाजारों में रंग, गुलाल, पिचकारी और अन्य होली सामग्री की दुकानें सजी रहीं और लोगों ने जमकर खरीदारी की।

## मुजगहन के शेखर का सीआरपीएफ में चयन




हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ग्राम मुजगहन के शेखर ध्रुव पिता सियाराम ध्रुव का चयन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) में होने पर गांव में हर्ष का माहौल है। प्रशिक्षण के लिए वे दिल्ली रवाना हुए। रवानगी से पूर्व उनके निवास पर स्वागत एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने तिलक लगाकर, श्रीफल भेंटकर तथा मिठाई खिलाकर उनका स्वागत किया। समाज के लोगों ने कहा कि शेखर की सफलता से गांव और समाज का नाम रोशन हुआ है। इस अवसर पर सियाराम ध्रुव, रामेश्वर मरकाम, नरेन्द्र ध्रुव, राजकुमार मंडावी, व्यासनारायण ध्रुव, रम्हउ ध्रुव, शंभूराम ध्रुव, वीरेंद्र ध्रुव, चिंताराम ध्रुव, उमाकांत ध्रुव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## चमेली चौक से कर्मचारी भवन तक खैया भूमि का हो रहा दुरुपयोग

**धमतरी।** शहर के हृदयस्थल चमेली चौक से कर्मचारी भवन तक स्थित खैया नामक नजूल भूमि के दुरुपयोग को लेकर स्थानीय लोगों ने चिंता जताई है। शहर के युवा प्रतीक सोनी ने कहा कि शासकीय भूमि का उपयोग समाज के हित में होना चाहिए, न कि व्यक्तिगत लाभ के लिए। उन्होंने बताया कि इस भूमि के कुछ हिस्सों पर लोगों द्वारा अवैध कब्जा कर लिया गया है और उसका निजी उपयोग किया जा रहा है, जबकि शहर में विकास कार्यों के लिए शासकीय भूमि की कमी बनी हुई है। प्रतीक सोनी ने प्रशासन का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि यदि शासन-प्रशासन चाहे तो इस स्थान का उपयोग शहर हित में किया जा सकता है। यहां



पार्किंग स्थल या अन्य जनहितकारी योजना विकसित कर नगर निगम के लिए अतिरिक्त राजस्व का स्त्रोत बनाया जा सकता है। वर्तमान में नगर निगम द्वारा इस भूमि का उपयोग कचरा संग्रहण के लिए किया जा रहा है, जिसके कारण आसपास के क्षेत्र में गंदगी और दुर्गंध फैल रही है। कर्मचारी भवन, तहसील कार्यालय, सिटी कोतवाली, कचहरी चौक और चमेली चौक तक बदबू से दुकानदारों और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने महापौर और प्रशासन से मांग की है कि इस भूमि का उचित उपयोग कर शहर के विकास और नागरिकों की सुविधा के लिए ठोस कदम उठाए जाएं।













